# ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का जाल बिछाने में जुटा यूपीरेव

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** राज्य सरकार ने प्रदेश को इलेक्ट्रानिक वाहनों का हब बनाने के साथ ही ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का जाल बिछाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस क्रम में यूपी रिन्यूवेबल एंड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीरेव) के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी जिलों से चार्जिंग सुविधा के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। उन्होंने कहा है कि ऐसे स्थान, जहां बड़ी संख्या में वाहन खड़े होते हैं, वहां चार्जिंग स्टेशनों के विकास के लिए जगह चिह्नित की जाए। मंगलवार को शक्ति भवन में हुई यूपीरेव की समीक्षा बैठक में उन्होंने इस बाबत निर्देश दिए।

डा. आशीष गोयल ने कहा कि स्कूल, कालेज, अस्पताल, मेडिकल कालेज, रेलवे और बस स्टेशन, कलेक्ट्रेट व न्यायालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों के समीप चार्जिंग सुविधा के लिए जगह चिह्नित कर प्रस्ताव भेजे जाएं। अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के विकास की दृष्टि से एक अलग कंपनी बनाई गई है। बैठक में यूपीरेव के प्रबंध निदेशक अनुपम शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे। प्रदेश के विभिन्न विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष और नगर निगमों के नगर आयुक्त भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।